**झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखण्ड)**

**द्वितीय सावधिक परीक्षा (2021-2022)**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र** **सेट- 01**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कक्षा- 12** | **विषय- हिंदी (कोर)** | **समय- 1 घंटा 30 मिनट** | **पूर्णांक- 40** |

**सामान्य निर्देश-:**

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा-शैली में उत्तर दें ।**
- **इस प्रश्न-पत्र के खंड हैं । सभी खंड के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।**
- **सभी प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सामने उपांत में अंकित है।**
- **प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए निर्देशों के आलोक में ही लिखें ।**

## खंड - 'क'

## (अपठित बोध)

01. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 02+02+02= 06

चारूचंद्र की चंचल किरणें,
खेल रही हैं जल-थल में,
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है,
अवनि और अम्बर तल में।
पुलक प्रकट करती है धरती,
हरित तृणों की नोंकों से,
मानो झूम रहे हैं तरू भी,
मंद पवन के झोंकों से।

(क) धरती और आकाश का कैसा सौन्दर्य दिखता है?

(ख) चन्द्रमा की चंचल किरणें कहाँ क्रीड़ा कर रही हैं?

(ग) कविता की प्रथम पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

**अथवा**

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

JAC UPDATE

हम अपने जीवन में सुख-समृद्धि चाहते हैं, ज्ञान, शांति और कीर्ति चाहते हैं, किंतु ये चीजें हमें तभी मिल पाती हैं जब हम इनको पाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील बने रहे। हम अपने समय के एक एक क्षण- को बहुमूल्य मानकर उसका सदुपयोग करें तथा निरंतर परिश्रम करते रहें। यह तभी संभव होगा, जब हम अपने समय का सही विभाजन और नियोजन कर लें, क्योंकि समय सीमित है और करने के लिए काम अनंत हैं। जो काम आवश्यकता और महत्व की दृष्टि से पहले पूरे करने हैं, उन्हें प्राथमिकता देनी चाहिए। ध्यान रहे कि सभी कामों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य और प्रबल इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

(क) जीवन में सुख-समृद्धि कैसे प्राप्त की जा सकती है?
(ख) समय का विभाजन और नियोजन करना क्यों आवश्यक है?
(ग) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए?

## खंड - 'ख'

## (अभिव्यक्ति और माध्यम तथा रचनात्मक लेखन)

02. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 05+05=10

(क) '**समाचार पत्र**' अथवा '**प्रदूषण**' पर एक निबंध लिखिए।
(ख) अपने क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप का वर्णन करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।
(ग) अपने क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई के लिए संबंधित पदाधिकारी को पत्र लिखिए।
(घ) समाचार लेखन से आप क्या समझते हैं? इसकी कौन-कौन-सी विशेषताएँ हैं?

## खंड - 'ग' (पाठ्यपुस्तक)

03. निम्नलिखित में से किसी एक का काव्य-सौंदर्य लिखिए- 05

(क) धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटी सों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगारब न सोऊ।।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।
मांगि के खैबो, मसीत को सोइबो, लैबो को एकु न देबको दोऊ।।

(ख) अट्टालिका नहीं है रे
आतंक - भवन



JAC UPDATE

सदा पंक पर ही होता
जल-विप्लव-प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल-जलज से
सदा छलकता नीर
रोग-शोक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर।

04. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) 'विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते' पंक्ति में 'विप्लव-रव' से क्या तात्पर्य है?

(ख) बादलों के आगमन से प्रकृति में होनेवाले किन-किन परिवर्तनों को 'बादल राग' कविता रेखांकित करती है?

(ग) शोकग्रस्त माहौल में हनुमान के अवतरण को करुण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है?

05. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 03+03= 06

(क) नदियों का भारतीय संस्कृति में क्या महत्व है?

(ख) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्टन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा?

(ग) जाति-प्रथा को श्रम-विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अंबेडकर के क्या तर्क हैं?

06.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अथवा फणीश्वरनाथ 'रेणु' की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए। 02

07. 'जूझ' कहानी के शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए। 03

**अथवा,**

ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी में औरतों की स्थिति के विषय में विचारों की अभिव्यक्ति कैसे की है?

08. 'जूझ' पाठ के आधार पर बताइये कि लेखक किन-किन साधनों का उपयोग कविता लेखन में करता है? 02

**अथवा**

ऐन फ्रैंक कौन थी? उसकी डायरी क्यों प्रसिद्ध है?

JAC UPDATE